पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
( छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित )
कोनी–बिरकोना मार्ग ,बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष क्रमांक : (07752) 210312 फैक्स : (07752) 213073
www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in

क्र. 1465/ गोप. / 2022 बिलासपुर दिनांक 20 / 01 / 2022

प्रति,

प्राचार्य / समन्वयक,
समस्त अध्ययन केन्द्र,
पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
बिलासपुर छ.ग.

विषय :– सत्र जनवरी–दिसम्बर 2021 के सत्रांत परीक्षा आयोजन के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि राज्यशासन के दिशा निर्देशानुसार सत्र जनवरी–दिसम्बर 2021 में प्रवेशित स्नातक एवं स्नातकोत्तर एवं सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जावेंगी। उपरोक्त परीक्षा की समय सारणी जारी की जा चुकी है जो विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा संचालन के लिए 32 महाविद्यालयों को उत्तरपुस्तिका वितरण केन्द्र तथा उत्तरपुस्तिका संग्रहण के लिए अध्ययन केन्द्रों को संग्रहण केन्द्र निर्धारित किया जाता हैं। संग्रहण केन्द्र उत्तरपुस्तिका संग्रहण के लिए एक पंजी संधारण कर छात्र का अनुक्रमांक, नाम, प्रश्नपत्र संख्या एवं उत्तरपुस्तिका क्रमांक का विवरण दर्शाकर छात्र का हस्ताक्षर भी लें। प्राचार्य द्वारा एक सेल गठन किया जावेगा जिसमें प्राचार्य / समन्वयक, एक अध्यापक / सहायक समन्वयक, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के एक एक कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे। जिनका पारिश्रमिक नियमानुसार देय होगा।

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा सामग्री निर्धारित परीक्षा केंन्द्रों में भेजी जा चुकी है। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ निर्देश भेजा जा रहा है। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्रों से उत्तरपुस्तिकाऐं प्राप्त कर सकते हैं। असुविधा की स्थिति में परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय वेबसाइट से A4 साइज पेपर में डाउनलोड कर सकते है।

परीक्षा समय सारणी में निर्धारित समय के 30 मिनट पूर्व परीक्षार्थी को ऑनलाईन (विश्वविद्यालय वेबसाइट) द्वारा प्रश्नपत्र उनके login पर भेजा जावेगा। कोई छात्र यदि प्रश्नपत्र डाउनलोड नहीं कर पाता है तो वह संबंधित अध्ययन केन्द्र में सम्पर्क कर प्रश्नपत्र ऑनलाईन प्राप्त करेगा। अतः सभी अध्ययन केन्द्र विषयवार वाट्सअप ग्रुप बनाऐंगे।

प्रश्नों के उत्तर घर पर 3 घंटे में लिखकर परीक्षार्थी सभी प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिका को एक बड़े लिफाफे में बंद करके उसके ऊपर छात्र अपना नाम, अनुक्रमांक, विषय, प्रश्नपत्र आदि का स्पष्ट उल्लेख करें। कोविड–19 महामारी के फैलाव को देखते हुए महाविद्यालय संबंधित छात्रों को उत्तरपुस्तिका डाउनलोड कर प्रश्नपत्र हल करने हेतु प्रेरित करें। छात्र द्वारा उत्तरपुस्तिका व्यक्तिगत उपस्थित होकर समय–सारणी में अंकित तिथि पर अपने परीक्षा केन्द्र / अध्ययन केन्द्र में जमा करना होगा। समन्वयक परीक्षा केन्द्र शासन के निर्देशानुसार सोशल डिस्टेंसिंग का पालन के साथ ही कार्य के दौरान कार्यरत कर्मचारियों के लिए सेनेटाईजर एवं हैंड ग्लोव की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

पृ.क्र 4652 / गोप. / 2022 दिनांक :– 18 / 01 / 2022

प्रतिलिपि :–

1. मान. कुलपति जी के निज सचिव को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
3. क्षेत्रीय समन्वयक, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर/रायपुर/दुर्ग/ अंबिकापुर/ जशपुर/ जगदलपुर/ कांकेर की ओर सूचनार्थ।
4. प्राचार्य/समन्वयक, समस्त परीक्षा केन्द्र/अध्ययन केन्द्र की ओर सूचनार्थ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय वेब सेल प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. कार्यालय प्रति।

समन्वयक गोपनीय

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

सत्रांत परीक्षा सत्र दिसंबर 2021 परीक्षा के संबंध में छात्रों के लिए निर्देश निम्नानुसार है-

प्रवेश पत्र प्राप्ति के संबंध में

- परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट www.pssou.ac.in से डाउनलोड कर सकते है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो वे हेल्प लाइन नं 9406304440 पर फोन के माध्यम से संपर्क कर सकते है।

उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने संबंध में

- परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र/वितरण केन्द्र से संपर्क कर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त उत्तरपुस्तिका प्राप्त कर सकेंगे। वितरण केन्द्र से उत्तरपुस्तिका लेने छात्र स्वयं जायें, किसी भी अन्य व्यक्ति को उत्तरपुस्तिका प्रदान नहीं की जायेंगी। असुविधा की स्थिति में निम्न व्यवस्था भी है।
- सत्रांत परीक्षा की उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय के वेबसाईट http://pssou.ac.in पर अपलोड किया गया है।
- परीक्षार्थी उपरोक्त वेबसाईट से अपने सभी प्रश्न पत्रों की उत्तरपुस्तिका को डाउनलोड कर उसका प्रिंट ले सकते है। इसका उपयोग वे उत्तर लिखने में कर सकते हैं अथवा उत्तरपुस्तिका के लिए परीक्षार्थी कॉलेज कॉपी/सामान्य A4 साईज पेज (स्टेपल्ड) का उपयोग कर परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका के कवर पेज को विश्वविद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड/प्रिंट कर उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के रूप में उपयोग किया जावेगा। परीक्षार्थी मुख्य/कवर पृष्ठ में उल्लेखित बिन्दुओं की जानकारी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ पर लिखकर भी चस्पा कर सकते है।
- प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अलग-अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य होगा।

प्रश्न पत्र प्राप्ति के संबंध में

- समस्त कक्षाओं के प्रश्न पत्र विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.pssou.net** के **Student Services -> Student login** में पर निर्धारित परीक्षा तिथि एवं समय से 30 मिनट पूर्व उपलब्ध रहेंगे।
- प्रश्न पत्र डाउनलोड करने पर यदि किसी भी प्रकार की समस्य आती है तो परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय से संपर्क कर सकते है। विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित महाविद्यालयों को Whatsapp के माध्यम से भी प्रश्नपत्र प्रेषित किया जावेगा, जिसे महाविद्यालय संबंधित कक्षाओं के विद्यार्थियों के Whatsapp ग्रुप्स बनाकर साझा कर सकते है।
- परीक्षार्थी के लिये प्रश्नपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि समय-सारणी में उत्तरपुस्तिका जमा करने की अंतिम तिथि से तीन दिवस पूर्व (अवकाश दिवस छोड़कर) तक रहेगी।

उत्तर पुस्तिका पर उत्तर का लेखन

- परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र से विषय/प्रश्न पत्र का मिलान कर संबंधित प्रश्नपत्र को ही हल करें।
- परीक्षार्थी द्वारा प्रथम पृष्ठ में घोषणा की जावेगी कि प्रश्नों के उत्तर उनके द्वारा स्वयं की हस्तलिपि में लिखे गये है। उत्तरपुस्तिका स्व हस्तलिखित होने चाहिए। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

- निर्धारित समय पश्चात् सभी उत्तरपुस्तिका बिना मोड़े एक लिफाफे में सील बंद कर उसके ऊपर नाम, अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र दर्शाये।
- नेत्रहीन / दिव्यांग परीक्षार्थी को निर्धारित समय में लेखक की सुविधा होगी।

लिखित उत्तर पुस्तिका जमा करने हेतु निर्देश

- छात्र समय सारणी में अंकित तिथि पर एक बड़े लिफाफे में सभी विषय की उत्तरपुस्तिका रखकर विवरण दर्शाकर अपने अध्ययन केन्द्र में जमा कर सकेंगे। जिसकी पावती अध्ययन केन्द्र से लेना सुनिश्चित करें।
- समय सारणी में अंकित तिथि तक उत्तरपुस्तिका जमा न करने की स्थिति में छात्र को अनुपस्थित माना जायेगा।
- परीक्षा से संबंधित कोई भी समस्या होने पर छात्र विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम में सम्पर्क कर सकेंगे।

सम्पर्क सूत्र– परीक्षा नियंत्रक – 07752–240703, 8839476193
परीक्षा प्रभारी – 07752–240705, 9406304440

Shri Reshum Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria-VII
PSSOU, CG Bilaspur

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)